Title: Need to open a Central School in Khiri district, Uttar Pradesh.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र खीरी, उ0प्र0 में केन्द्रीय विद्यालय न होने के कारण केन्द्रीय सरकार के उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा में काफी दिक्कतें आ रही हैं। जनपद में शिक्षा का स्तर अपेक्षाओं के अनुरूप न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसका बुरा असर उन कर्मचारियों की कार्यक्षमता पर पड़ रहा है।

सरकार से आग्रह है कि तत्काल जनपद खीरी में केन्द्रीय विद्यालय खुलवाने की व्यवस्था करे।